विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

# व्यावसायिक शिक्षा जरूरी : मुकुल




मुकुल राय को सम्मानित करते संस्थान के पदाधिकारी जागरण

**जागरण संवाददाता, कोलकाता :** किसी भी छात्र के भविष्य का निर्माण सिर्फ उसके स्नातक की डिग्री पाने से नहीं होता है। आज के युग में भविष्य निर्माण के लिए व्यवसाय संबंधित शिक्षा का काफी महत्व है। इसके आधार पर कोई भी देश और समाज उन्नति कर सकता है। यह बातें रेल मंत्री मुकुल राय ने सोमवार को आइसीडब्लूएआई की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास में आइसीडब्लूएआई बेहतर कार्य कर रहा है। द इंस्टीट्यूट आफ कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आइसीडब्लूएआई) के नए अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि भारतीय रेलवे की आमदनी और खर्च के लेखा जोखा की सही व्यवस्थां नहीं होने की वजह से उसे घाटे का सामना करना पड़ता है। अपने आर्थिक हिसाब किताब का सही संचालन करने के लिए रेलवे की ओर से आइसीडब्लूएआई को प्रस्ताव दिया गया है। सही सुविधा के अभाव में ही रेलवे को नुकसान का सामना करना पड़ता है। रेलवे के हिसाब-किताब के लिए उन्नत लेखा पद्धति अपनाने की आवश्यकता है। अतः उसके द्वारा दिए प्रस्ताव पर अमल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देश और समाज की आर्थिक उन्नति में आइसीडब्लूएआई का अहम योगदान है। वर्ष 1959 में स्थापित इस संस्थान में वर्तमान में छात्रों की कुल संख्या 4 लाख एवं योग्य सदस्यों की संख्या 50 हजार है। कार्यक्रम में आइसीडब्लूएआई के उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र मोहंती एवं अतिरिक्त सचिव कौशिक बनर्जी भी उपस्थित थे।